हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, बुधवार 27 मई 2026

12 काताखेड़ी में क्रिकेट टूर्नामेंट, 60 टीमों के बीच मुकाबला



12 विश्व रिकॉर्डधारी संदीप आर्य का रानियां में भव्य स्वागत



## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गांव गोरखपुर में हुई चोरी के मामले में थाना भूना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गांव गोरखपुर निवासी सचिन और सुमित उर्फ कंडी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई सोने की अंगूठी, सोने के टॉप्स और सोने का पेंडेंट बरामद कर लिया है।

### गेहूं चोरी मामले में आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** गेहूं चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए भूना पुलिस ने गांव दहमान निवासी एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अमृत के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में पहले ही एक अन्य आरोपी को भी सलाखों के पीछे भेज चुकी है। थाना भूना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश बिश्नोई ने बताया कि गांव दहमान निवासी हवा सिंह ने पुलिस को लिखित शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार, 23 मई को कुछ व्यक्ति जबरन उसके घर में घुस आए और वहां रखा गेहूं चोरी कर ले गए।

### अग्निवीर के चयनित उम्मीदवारों की सूची जारी

**फतेहाबाद।** सेना भर्ती कार्यालय, चरखी दादरी द्वारा आयोजित भर्ती रैली में भाग लेने वाले अग्निवीर जनरल ड्यूटी श्रेणी के चयनित उम्मीदवारों की सूची 25 मई को आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी गई है। भर्ती निदेशक, सेना भर्ती कार्यालय, हिसार ने चयनित उम्मीदवारों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने बताया कि सभी चयनित उम्मीदवारों को 30 मई, 2026 को सुबह 8 बजे सेना भर्ती कार्यालय, हिसार में उपस्थित होना अनिवार्य है।

### मोबाइल व नकदी छीनने के मामले में दो पकड़े

**फतेहाबाद।** मोबाइल फोन व नकदी छीनने के मामले में कार्रवाई करते हुए जाखल पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान नायक बस्ती जाखल निवासी सन्नी और नई बस्ती जाखल निवासी अभिषेक के रूप में हुई है। इस वारदात में शामिल चार आरोपियों को पुलिस पहले ही दबोच चुकी है।

## पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से ट्रांसपोर्ट और बिल्डिंग मटेरियल के रेटों में उछाल

# तेल की महंगाई से बढ़ा घर से खेत तक का खर्च

*हर दूसरे दिन बढ़ते दामों से आमजन की जेब ढीली*

*व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों ने सरकार से मांगी राहत*

सिटी पल्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

जिले में पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ रही कीमतों ने आमजन, किसानों, ट्रांसपोर्ट कारोबारियों और छोटे व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है। पिछले 11 दिनों में पेट्रोल 7.33 रुपये और डीजल 8.13 रुपये प्रति लीटर तक महंगा हो चुका है। इसका असर अब सिर्फ वाहनों के खर्च तक सीमित नहीं रहा, बल्कि खेती, माल ढुलाई और रोजमर्रा के घरेलू बजट पर भी साफ दिखाई देने लगा है। धान सीजन शुरू होने से पहले किसानों की लागत बढने लगी है, वहीं ट्रांसपोर्टरों द्वारा किराया बढ़ाए जाने से बाजार में रोजमर्रा के सामान की कीमतों में भी बढ़ोतरी की आशंका जताई जा रही है। लगातार बढ़ रही महंगाई के बीच आम लोगों का कहना है कि पेट्रोल-डीजल के दामों ने घर का मासिक बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। इतना ही नहीं, हिमाचल से आने वाली सब्जियां महंगी हो गई। खानक से आने वाले क्रैशर, बजरी के दामों में बढ़ोतरी हो गई। लोग इस बात से बेचैन ने है कि आगे महंगाई कितनी बढ़ेगी। 15 मई को जिले में पेट्रोल 96.40 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.23 रुपये प्रति लीटर बिक रहा था। इसके बाद लगातार पांच बार दाम बढ़े और फतेहाबाद में 25 मई तक पेट्रोल 103.73 रुपये तथा डीजल 96.36 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया। सबसे बड़ी बढ़ोतरी 16 मई को दर्ज की गई, जब पेट्रोल लगभग तीन रुपये और डीजल 3.60 रुपये प्रति लीटर महंगा हुआ। इसके बाद 18, 23 और 25 मई को भी दामों में इजाफा जारी रहा। सोमवार को भी पेट्रोल 2.61 रुपये और डीजल 2.71 रुपये प्रति लीटर महंगा हुआ। लगातार बढ़ रहे दामों के कारण लोगों में भविष्य को लेकर चिंता बढ़ रही है।

यह समय धान बिजाई का है। जिले में करीब 5 लाख एकड़ में धान की बिजाई की जाती है। किसानों के सामने खेती की बढ़ती लागत बड़ी चुनौती बनती जा रही है। खेतों की जुताई, सिंचाई, ट्रैक्टर संचालन और कृषि यंत्रों का अधिकांश काम डीजल पर निर्भर होने के कारण खेती पहले की तुलना में और महंगी हो रही है।



फतेहाबाद। पेट्रोल पम्प पर उमड़ी भीड़।

### किराया बढ़ाना बनी मजबूरी : मदान



ट्रांसपोर्टर मुरारी मदान ने बताया कि बढ़ती लागत के कारण किराया बढ़ाना मजबूरी बन गया है। उन्होंने कहा कि यदि डीजल के दाम इसी तरह बढ़ते रहे तो आने वाले समय में माल ढुलाई और महंगी हो सकती है। व्यापारियों का मानना है कि ट्रांसपोर्ट खर्च बढने का असर जल्द ही बाजार में दिखाई देगा। आमजन का कहना है कि पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतें सीधे तौर पर महंगाई को बढ़ावा देती हैं और इसका असर हर घर की रसोई तक पहुंचता है।

### आर्थिक दबाव लगातार बढ़ रहा : मनदीप



पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष मनदीप नथवान ने बताया कि पहले ही खाद, बीज और कीटनाशक के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। अब डीजल की कीमतों ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में डीजल की कीमतों में और बढ़ोतरी हुई तो इसका सीधा असर धान की फसल की लागत पर पड़ेगा। कई किसानों ने चिंता जताई कि खेती की लागत बढने के बावजूद फसलों के दाम उसी अनुपात में नहीं बढ़ते, जिससे आर्थिक दबाव लगातार बढ़ रहा है।

### सड़कों पर वाहन चलाना हुआ महंगा : संदीप



फतेहाबाद निवासी संदीप सोनी ने बताया कि हर दूसरे-तीसरे दिन दाम बढने से अब वाहन चलाना पहले की तुलना में काफी महंगा हो गया है। उन्होंने कहा कि पहले जितने खर्च में पूरा महीना निकल जाता था, अब उतने में आधा महीना भी मुश्किल से चल रहा है। डीजल महंगा होने का असर ट्रांसपोर्ट कारोबार पर भी साफ दिखाई देने लगा है। कारोबारियों का कहना है कि डीजल के साथ-साथ टायर, स्पेयर पाट्र्स और टैक्स का खर्च भी लगातार बढ़ रहा है।

### सब्जी, किराना व कपड़ों के रेट भी बढ़े : नारंग



फतेहाबाद व्यापार मंडल के शहरी प्रधान अशोक नारंग का कहना है कि पेट्रोल, डीजल, गैस के रेट बढने पर आम आदमी के बजट पर गहरा असर हो रहा है। दूध के रेट भी बढ़ गए हैं। अब रही सही कसर गाडियों के किराया बढने से, सब्जी, किराना, कपड़ा, मनियारी, घी, तेल ओर घरेलू जरूरत का सभी सामान महंगा हो रहा है। ग्राहक दुकानदार को दोषी समझता है और बढ़ती महंगाई से जनता परेशान है। ऐसे में सरकार को पेट्रोल, डीजल, गैस के रेट कम करके जनता को राहत देनी चाहिए। पेट्रोल एसोसिएशन फतेहाबाद के प्रधान गुरप्रीत सिंह का कहना है कि पिछले 10 दिनों से लगातार तेल के दाम बढ़ रहे हैं। अभी सप्लाई सामान्य है, लेकिन आने वाले दिनों में धान सीजन शुरू होने के बाद खपत और अधिक बढ़ेगी।

## फतेहाबाद में दुर्लभ सांभर हिरण का सुरक्षित रेस्क्यू

**वन विभाग हैरान, जांच के लिए भेजा हिसार**



फतेहाबाद। दुर्लभ सांभर हिरण और रेस्क्यू करते वन विभाग के इंस्पेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

शहर के बीघड़ रोड स्थित नए थाने के पास उस समय हड़कंप और उत्सुकता का माहौल बन गया, जब स्थानीय लोगों ने एक दुर्लभ सांभर प्रजाति के हिरण को घूमते हुए देखा। घने जंगलों में पाया जाने वाला यह जीव रिहायशी इलाके के पास कैसे पहुंचा, यह कौतूहल का विषय बना हुआ है। मोहल्ला वासियों की सूझबूझ से मंगलवार को वन विभाग को इसकी तुरंत सूचना दी गई, जिसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर हिरण का सुरक्षित रेस्क्यू किया। वन विभाग के इंस्पेक्टर जयविन्द्र नेहरा ने बताया कि रेस्क्यू किया गया हिरण लगभग 3 वर्षीय नर सांभर है। उन्होंने एक बेहद चौंकाने वाली बात साझा करते हुए कहा, सांभर प्रजाति आमतौर पर हरियाणा के फरीदाबाद, अंबाला और पंचकूला जैसे पहाड़ी व घने वन क्षेत्रों में पाई जाती है। फतेहाबाद के मैदानी और भौगोलिक परिवेश में इस प्रजाति का मिलना बेहद असाधारण और हैरान करने वाला है।

### सांभर हिरण लुप्त होने के कगार पर

बता दें कि सांभर हिरणों की संख्या लगातार घट रही है और यह वन्यजीव प्रजाति धीरे-धीरे लुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी है। इंस्पेक्टर नेहरा के मुताबिक, पकड़ा गया सांभर पूरी तरह स्वस्थ और सुरक्षित है। प्राथमिक स्वास्थ्य जांच के बाद उसे उचित देखभाल और आगे के परीक्षण के लिए हिसार भेज दिया गया है। इस चौंकाने वाली घटना के बाद वन विभाग अलर्ट मोड पर है। विभाग जल्द ही आसपास के इलाकों में एक विशेष सर्च अभियान शुरू करने जा रहा है। इसके पीछे दो मुख्य उद्देश्य हैं। पहला यह पता लगाना कि क्या यह हिरण अकेला भटक कर आया था या इसके साथ पूरा झुंड या अन्य वन्य जीव भी क्षेत्र में मौजूद हैं। दूसरा, यह कड़ियों को जोड़ना कि आखिर यह दुर्लभ जीव फतेहाबाद की सीमा तक कैसे और किस रास्ते से पहुंचा। इस सफल रेस्क्यू ऑपरेशन में स्थानीय निवासी राधेश्याम नाढोडी ने भी वन विभाग की टीम का बढ़-चढ़कर सहयोग किया

**टेंडर प्रक्रिया पर उठे सवाल**

## भूना में तालाब ठेके पर विवाद कोर्ट पहुंचा

**आरोप : स्थानीय ठेकेदारों के साथ किया भेदभाव**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भूना

नगर पालिका के वार्ड नंबर 10 में स्थित रिहायशी क्षेत्र के बीच बने तालाब की खुदाई और सफाई के ठेके को लेकर विवाद अब कानूनी दायरे में पहुंच गया है। मामले में टेंडर प्रक्रिया को चुनौती देते हुए फतेहाबाद कोर्ट में सिविल केस दायर किया गया है। बुधवार को मामले में सुनवाई की तारीख लगी हुई है। जानकारी के अनुसार तालाब की सफाई और खुदाई का ठेका नरवाना की एक कंपनी को दिया गया था। आरोप है कि नगर पालिका अधिकारियों ने शहर के कुछ स्थानीय ठेकेदारों को अयोग्य घोषित कर दिया, जबकि चयनित कंपनी को नियमों में राहत देकर टेंडर प्रक्रिया में शामिल किया गया।

### ठेकेदारों ने लगाए नियमों की अनदेखी के आरोप

याचिकाकर्ता ठेकेदार राजेश और अन्य ठेकेदारों का आरोप है कि पालिका अभियंता नरेंद्र सिंह पंवार ने नियमों और शर्तों को नजरअंदाज कर ऐसे ठेकेदार का टेंडर स्वीकार किया, जो निर्धारित मापदंडों को पूरा नहीं करता था। उनका कहना है कि स्थानीय ठेकेदारों के साथ भेदभाव किया गया और बाहरी कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए प्रक्रिया अपनाई गई। इसी को लेकर ठेकेदार राजेश ने फतेहाबाद कोर्ट में सिविल केस दायर कर टेंडर प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की है। मामले के कोर्ट पहुंचने के बाद शहर में पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

### नियमों के तहत ही खोला गया टेंडर: एमई पंवार

वहीं, इस मामले में नगर पालिका के पालिका अभियंता नरेंद्र सिंह पंवार ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि टेंडर पूरी पारदर्शिता और नियमों के तहत खोला गया है। संबंधित ठेकेदार सभी आवश्यक शर्तों को पूरा कर रहा था, इसलिए प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की गई।उन्होंने कहा कि मामले में माननीय कोर्ट जो भी फैसला देगा, उसका पूर्ण रूप से पालन किया जाएगा।

## ट्रेक्टर चालक पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

गांव धोलपालिया के पास 15 मई को हुई बस-ट्रेक्टर दुर्घटना मामले में पुलिस की एकतरफा कार्रवाई से रोडवेज कर्मचारियों में भारी रोष है और कर्मचारी 29 मई को दो घंटे प्रदर्शन कर रोष जताएंगे। हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा, सिरसा डिपो के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदर्शन को लेकर महाप्रबंधक, सिरसा डिपो को एक ज्ञापन सौंपा। प्रदेश प्रवक्ता व सिरसा डिपो प्रधान पृथ्वी सिंह चाहर, महासंघ से प्रधान रिछपाल सिंह संधू, सचिव सुरेंद्र सिंह बैरागी, महासंघ से राज्य उप प्रधान लादूराम, संयुक्त कर्मचारी संघ से राज्य महासचिव चमल लाल स्वामी, राज्य उप प्रधान कुलदीप सिंह पावड़ा, प्रधान सतवीर सिंह कड़वासरा व सचिव प्रवीण कुमार बालसमंद ने संयुक्त रूप से बताया कि 15 मई को बस का धोलपालिया के पास ट्रेक्टर से एक्सीडेंट हुआ था। सांझा मोर्चा ने चेतावनी दी है कि यदि 28 मई 2026 तक ट्रेक्टर चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो यूनियन बड़े आंदोलन पर मजबूर होगी, जिसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। ज्ञापन में निष्पक्ष जांच व भविष्य में कर्मचारियों को झूठे केस में न फंसाने की मांग भी की गई है।



**पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की शुरू**

## फर्नीचर शोरूम में कर्मियों की 'इनसाइड चोरी', बड़ी मात्रा में एसी गायब

**कालांवाली।** शहर के बस स्टैंड के पास स्थित एक फर्नीचर के शोरूम में लगे कर्मचारियों द्वारा योजनाबंद्व तरीके से शोरूम से बडी मात्रा में एसी चोरी करने का मामला सामने आया है। घटना का पता चलने पर शोरूम संचालक ने इसकी सूचना कालांवाली पुलिस को दी। पुलिस चौकी प्रभारी रविंद्र कुमार ने टीम के साथ जायजा लिया ओर शोरूम संचालक के बयान दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरू की। बस स्टैंड के पास स्थित जय दुर्गा फर्नीचर हाऊस के संचालक अशोक कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके शोरूम पर गांव पक्का शहीदां के दो भाई अृमत पाल व पवन कुमार तथा गांव माखा के दो भाई मनिंद्र सिंह व राजिंद्र सिंह कई वर्षों से काम कर रहें है। उन्हें कुछ दिन पूर्व संदेह हुआ है कि शो रूम में एसी का स्टॉक कम है उन्हें लगा कि शो रूम में चोरी हो रही है। जिसके बाद उसके जानकार ने अवगत करवाया कि तुम्हारे कर्मचारी ही चोरी करते है।

**तेज बहाव और गहराई से हादसों का खतरा**

## नहरों में नहाने पर रोक: आदेश तोड़ा तो होगी कानूनी कार्रवाई

**सिरसा।** जिलाधीश शांतनु शर्मा ने जिला सिरसा से होकर गुजरने वाली सभी नहरों में आमजन के नहाने और प्रवेश पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जनहित और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जारी किए गए हैं। जारी आदेशों के अनुसार ग्रीष्म ऋतु के दौरान बड़ी संख्या में युवा एवं अन्य लोग नहरों में स्नान करने जाते हैं। नहरों में पानी का तेज बहाव और अधिक गहराई होने के कारण जानमाल का गंभीर खतरा बना रहता है।आदेशों के अनुसार, जिला सिरसा की सीमा में आने वाली सभी नहरों में आमजन के प्रवेश और नहाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। आदेशों की अवहेलना करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**शिकायत के बाद भी नहीं हो रहा समाधान**

## वार्ड 22 की बदहाल गलियों से लोग परेशान, महिलाएं भी घायल

**फतेहाबाद।** शहर के वार्ड नंबर 22 में गलियों का निर्माण कार्य लंबे समय से नहीं होने के कारण क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी राजकुमार, रवि, नीरज और काली ने बताया कि टूटी व कच्ची गलियों के कारण लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बरसात और सीवर के पानी के ओवरफ्लो होने से स्थिति और अधिक खराब हो गई है। वार्ड वासियों के अनुसार सडक़ निर्माण नहीं होने के कारण अब तक तीन-चार महिलाएं फिसलकर घायल भी हो चुकी हैं। लोगों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग और उच्च अधिकारियों को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं किया गया। सवार्ड वासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क निर्माण और सीवर व्यवस्था दुरुस्त करवाने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

**घर से बिना बताए निकला था**

## खेतों में मिला किसान का शव पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा

**डबवाली।** उपमंडल के गांव चौटाला में एक किसान का शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में मिला है। मृतक की पहचान चौटाला निवासी पदमराज के रूप में हुई। शव का मंगलवार को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक पदमराज परिवार के साथ आशा खेड़ा रोड की ओर ढाणी में रहता था। उसका शव मिलने से ग्रामीणों में चर्चा का माहौल है। परिजनों के अनुसार पद्मराज बीते दिवस बिना बताए घर से चला गया था। काफी तलाश के बाद भी जब उनका कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजनों ने चौटाला पुलिस चौकी में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। सोमवार देर शाम को ग्रामीणों ने खेतों में शव पड़ा देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डबवाली के नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



सिरसा। गर्मी में तपस्या करते हुए बाबा हरपाल।

## तपती गर्मी में बाबा हरपाल कर रहे तप

**सिरसा।** डेरा बाबा श्योराम दास में गद्दीनशीन बाबा हरपाल दास इस तपती गर्मी में बीती 11 मई से 31 मई तक कठिन तप कर रहे हैं। ऑटो मार्केट स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर के प्रधान अनिल बांगा व उनके भतीजे लक्ष्य बांगा ने डेरा में पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद लिया। अनिल बांगा ने कहा कि इस प्रचंड गर्मी में जहां बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है, वहीं बाबा हरपाल दास कडक़ती धूप में तप कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी साधना संत महापुरुष ही कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी मान्यता भी है कि इस डेरे में जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से आकर मनोकामना मांगता है, उसकी मुराद अवश्य पूरी होती है। इस मौके पर रजत गुर्जर, दीपक गुर्जर, रामसिंह, प्रेम कंबोज, सत्या गुर्जर, संजय गुर्जर, रोहित और मोहित, शेखर सहित अन्य भक्तजन मौजूद थे।

**भीषण तपिश को माना जाता है अच्छे मानसून का संकेत, दान-पुण्य की सलाह**

# नौतपा : जितना तपेगी धरती, उतना ही झमाझम बरसेंगे बदरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

नौतपा की शुरुआत हो चुकी है, जो 2 जून तक रहेगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इन 9 दिनों में गर्मी अपने चरम पर रहती है। मान्यता है कि नौतपा के दौरान पडने वाली भीषण गर्मी आने वाले अच्छे मानसून का संकेत मानी जाती है। इस दौरान सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है, जिससे सूर्य की किरणें सीधी धरती पर पड़ती हैं और तापमान तेजी से बढ़ जाता है। ज्योतिषी सोनू शर्मा ने बताया कि नौतपा को मानसून का गर्भकाल भी कहा जाता है। इन दिनों में जितनी अधिक गर्मी पड़ती है, उतनी ही अच्छी वर्षा होने की संभावना मानी जाती है। उन्होंने बताया कि इस भीषण गर्मी का प्राकृतिक महत्व भी है। मंगलवार को यहां का अधिकतम तापमान 44 डिग्री व न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया।

तेज तापमान के कारण खेतों में फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कई जीव-जंतु और बीमारी फैलाने वाले मच्छर-मक्खियों की संख्या कम हो जाती है। इसका ज्योतिषी कारण है कि इस दिन सूर्य चंद्रमा के नक्षत्र रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है। सूर्य की किरणें सीधी धरती पर पड़ती है जिस से धरती तपने लगती है। है। इस गर्मी से अच्छी मानसून का संकेत भी मिलता है। नौतपा के दौरान दिन लंबे और रातें छोटी हो जाती हैं।मौसम विभाग और ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार इस समय लू चलने की संभावना सबसे अधिक रहती है।

एचएयू मौसम विभाग के अनुसार 29 मई को पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने से एक जून को मौसम में बदलाव आएगा। इस दौरान हल्की बादलवाही, बूंदाबांदी व हलकी बारिश हो सकती है जिससे दिन के तापमान में गिरावट आएगी। तीन साल बाद यह पहला मौका होगा जब नौतपा में बढ़ते तापमान से लोगों को कुछ राहत मिलेगी।



फतेहाबाद। बढ़ती गर्मी में मीठे पानी की छबील लगाते लोग।

### नौतपा में क्या करें

सुबह सूर्य को तांबे के लोटे से जल अर्पित करें, सूर्याय नमः का जाप करें, पर्याप्त पानी पीकर शरीर को हाइड्रेट रखें, हल्के सूती कपड़े पहनें, मौसमी फल व ठंडे पेय का सेवन करें तथा जरूरतमंदों को पानी व शरबत का दान करें।

### क्या न करें

इस दौरान विवाह, सगाई और गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्यों से बचने की सलाह दी जाती है। दोपहर की तेज धूप में बाहर निकलने से परहेज करें, बासी व मसालेदार भोजन न करें, खाली पेट न रहें और बिना सिर ढके धूप में बाहर न जाएं।



# पाकिस्तानी क्रिकेटर का किरदार निभाएंगे फरहान

**मुंबई।** फरहान अख्तर इन दिनों रणवीर सिंह के साथ 'डॉन 3' विवाद को लेकर चर्चाओं में हैं। इसी बीच उनके काम से जुड़ी भी एक खबर आ रही है। फरहान जल्द ही क्रिकेटर लाला अमरनाथ पर बन रही फिल्म में कैमियो रोल कर सकते हैं। वह फिल्म में एक पाकिस्तानी क्रिकेटर की भूमिका में दिखाई दे सकते हैं। इसमें उनका किरदार लाला अमरनाथ के बेहद नजदीक है और भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ है। हालांकि, अभी मेकर्स ने और फरहान ने इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया। बता दें वह इस प्रोजेक्ट से निर्माता के तौर पर भी जुड़े हुए हैं। क्रिकेटर लाला अमरनाथ पर बन रही इस बायोपिक को कई निर्माता मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं।

लाइफ Style

# पूजा

## इकोज ऑफ अस को लेकर हैं सुर्खियों में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूजा बत्रा की बतौर निर्माता फिल्म 'इकोज ऑफ अस'को कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में प्रदर्शित किया गया, जिसे लेकर अभिनेत्री ने खुशी जाहिर की। पूजा ने सोशल मीडिया पर रेड कार्पेट से अपनी ग्लैमरस तस्वीरें साझा करते हुए इस उपलब्धि को यादगार बताया।

एक्ट्रेस पूजा बत्रा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म इकोज ऑफ अस को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म इकोज ऑफ अस एक इमोशनल ड्रामा है, जो प्रेम, बिछड़ने के दर्द और मानवीय रिश्तों की जटिल भावनाओं को दर्शाती है। इस फिल्म में यूलिया वंतूर ने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत की है। उनके साथ दीपक तिजोरी और स्पेनिश अभिनेत्री एलेसांद्रा व्हेलन मेरेडिज भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। फिल्म का निर्देशन जो राजन ने किया है, जबकि इसे पूजा बत्रा ने अपने लॉस एंजिल्स स्थित प्रोडक्शन हाउस 'ग्लोबेलिंक'के तहत एलायंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से प्रोड्यूस किया है। महज 20 मिनट लंबी इस शॉर्ट फिल्म ने दुनियाभर के कई फिल्म समारोहों में जबरदस्त सराहना हासिल की है। पूजा बत्रा ने इंस्टाग्राम पर कान्स फिल्म फेस्टिवल से अपनी कई ग्लैमरस तस्वीरें पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में वह रेड कार्पेट पर बेहद खूबसूरत अंदाज में नजर आईं। पोस्ट के साथ अभिनेत्री ने फिल्म और अपनी टीम के लिए एक भावुक नोट भी लिखा। उन्होंने मजाकिया अंदाज में लिखा, कान्स यानी के-ए-एन, क्योंकि हम कर सकते हैं। फिल्म अब तक 80 से अधिक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी है।



हॉलीवुड मसाला



# जीता आर्टिस्ट ऑफ द ईयर अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** के-पॉप बैंड बीटीएस के फैंस दुनियाभर में हैं। इस बार अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स 2026 में इस बैंड ने लगभग तीन अवॉर्ड अपने नाम किए। पहला पुरस्कार उन्होंने 'आर्टिस्ट ऑफ द ईयर' का जीता। इसके बाद बैंड ने 'स्विम' के लिए सॉन्ग ऑफ द समर और बेस्ट मेल के-पॉप आर्टिस्ट का खिताब भी अपने नाम किए। इसके पहले बीटीएस ने 2021 में यह पुरस्कार अपने नाम किया था। अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स में सिंगर सबरीना कारपेंटर के एल्बम 'मैन्स बेस्ट फ्रेंड' को एल्बम ऑफ द ईयर और बेस्ट पॉप एल्बम का अवॉर्ड दिया गया।



# ब्रैड तलाक के बाद के हालात के कारण नहीं कर रहे शादी!

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सुपरस्टार ब्रैड पिट एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर यह खबर जंगल में आग की तरह फैल रही है कि एंजेलिना जोली से तलाक के बाद वह दोबारा शादी करने वाले हैं। ब्रैड पिट इन दिनों खुद से 29 साल छोटी इनेस डी रेमोन को डेट कर रहे हैं। दोनों करीब 4 साल से एक-दूसरे के साथ हैं। हालांकि, शादी की खबरों को एक हालिया रिपोर्ट ने फर्जी बताया है। रिपोर्ट में एक करीबी सूत्र ने कहा है, 'ब्रैड और इनेस की जोड़ी आपस में 'बहुत खुश' है। ऑस्कर जीत चुके एक्टर 'अपनी शांत स्वभाव वाली गर्लफ्रेंड से मिलने वाले सुकून और सहारे का आनंद ले रहे हैं। हालांकि, उनका शादी को लेकर अभी कोई प्लान नहीं है। इसकी एक वजह एंजेलिना जोली से उनके अलगाव के बाद के हालात हैं। वैसे, ब्रैड पिट की तरह ही इनेस भी तलाकशुदा हैं। ब्रैड पिट की उम्र 62 साल है।



# शकीरा के डांस की दीवानी हुईं अमीषा

**मुंबई।** अभिनेत्री अमीषा पटेल इन दिनों सोशल मीडिया पर दो बातों को लेकर काफी चर्चा में हैं। पहली वजह है पॉप स्टार शकीरा की तारीफ करना और दूसरी वजह है बॉलीवुड के नए कलाकारों पर गुस्सा निकालना। मशहूर सिंगर शकीरा ने फीफा विश्व कप 2026 के ऑफिशियल गाने 'दाई दाई' से धमाकेदार वापसी की है। इस गाने में उनके साथ नाइजीरियाई सिंगर बर्ना बॉय भी हैं। गाने के एक वीडियो में शकीरा पीले रंग के कपड़ों में शानदार डांस करती नजर आ रही हैं, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर करते हुए अमीषा पटेल ने लिखा, 'वाह शकीरा, आप 49 साल की उम्र में भी कमाल हैं। आपका डांस, ड्रेस और लुक 25 साल की उम्र से भी ज्यादा हॉट और खूबसूरत है।'



# है जवानी तो इश्क होना है... का गाना रिलीज

**मुंबई।** 'है जवानी तो इश्क होना है' के मेकर्स ने मंगलवार को वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े पर फिल्माया गया गाना 'चुनरी चुनरी' रिलीज किया। जहां डांस स्टेप्स, नएपन और गाने की वाइब ने लोगों का ध्यान खींचा, वहीं कुछ लोगों को पुराने वर्जन और सलमान खान-सुष्मिता सेन की याद आ गई। यह गाना सलमान खान और सुष्मिता सेन पर फिल्माए गए 'चुनरी' गाने का रीमेक है। ऐसा लगता है कि नेटिजन्स को यह गाना ज़्यादा पसंद नहीं आया। एक ने लिखा- सलमान और सुष्मिता की एनर्जी का कोई मुकाबला नहीं। एक यूजर ने कहा- सलमान कोने में रो रहे होंगे। एक कमेंट में लिखा था- इससे घटिया क्या ही होगा। हाल ही में एक इवेंट में, मस्ती भरे माहौल में कैमरों के सामने पोज देते हुए, सलमान खान ने वरुण धवन का मजाक उड़ाया था।

टीवी मसाला



# रमाकांत की मौजूदगी हर सीन को कर देती थी रोशन

**नई दिल्ली।** टीवी और बॉलीवुड फिल्मों में नजर आने वाले दिग्गज अभिनेता रमाकांत दायमा का 26 मई को निधन हो गया। इस खबर को सुनकर उनके करीबी और फैंस गहरे शोक में डूब गए हैं। टीवी अभिनेता करण मेहरा ने भी रमाकांत दायमा के निधन पर शोक जताया है। उनके लिए एक भावुक पोस्ट सोशल मीडिया पर लिखी है। टीवी अभिनेता करण मेहरा ने एक भावुक पोस्ट इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए लिखा, 'आज हमने एक अद्भुत शख्सियत को खो दिया है। एक ऐसा इंसान जिनकी आवाज बुलंद थी, उनकी मौजूदगी हर सीन को रोशन कर देती थी। वह सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता और प्रतिभाशाली गायक ही नहीं थे, बल्कि एक मार्गदर्शक, एक पिता-तुल्य हस्ती और न जाने कितने लोगों के दोस्त भी थे। उनकी दयालुता, उनकी कला और उनकी गर्मजोशी हम सभी के दिलों में हमेशा जिंदा रहेगी। उनका प्यार और उनका जुनून हमेशा हमारे दिलों में गूंजता रहेगा। ईश्वर आपकी आत्मा को शांति दे।' अभिनेता रमाकांत दायमा के निधन पर सिने एंड टीवी आर्टिस्ट्स एसोसिएशन ने भी शोक व्यक्त किया। सोशल मीडिया पर एक शोक संदेश साझा करते हुए एसोसिएशन ने लिखा, 'गहरे दुख के साथ हम श्री रमाकांत दायमा के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं, वे एक सम्मानित पूर्व कार्यकारी समिति सदस्य और हमारी इंडस्ट्री का एक खास हिस्सा थे।' वर्षों के अभिनय करियर में रमाकांत दायमा ने कई फिल्मों, टेलीविजन सीरियल और थिएटर प्ले में काम किया। शाहरुख खान अभिनीत चक दे इंडिया के अलावा वह धनक जैसी फिल्मों में नजर आए। रमाकांत दायमा के मौत की पुष्टि उनकी साथी एक्ट्रेस शुभांगी लटकर ने सोशल मीडिया पर की है।


## मेरे कारण-अर्जुन आ गए : दिव्यांका



**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल ये है मोहब्बतें में ईशी मां का रोल से प्रसिद्ध हुईं दिव्यांका त्रिपाठी शादी के 10 साल बाद मां बन गई हैं। उनकी खुशी डबल हो गई है, क्योंकि उन्होंने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया है। दिव्यांका और उनके पति विवेक ने इस खुशखबरी को सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ शेयर किया है। दिव्यांका जुड़वां बच्चों की मां बन गई हैं। 26 मई को दिव्यांका और विवेक ने इंस्टाग्राम पर दो जुड़वां बेटों की तस्वीर वाला पोस्टर शेयर करके खुशखबरी दी। पोस्टर पर लिखा, 'हमने खुशी मांगी थी, भगवान ने कहा, 'दोगुनी खुशी लो।'जुड़वा बेटों का आशीर्वाद मिला है।' दिव्यांका और विवेक ने आगे लिखा, 'इंतजार आखिरकार खत्म हुआ, हमारे बेटे आ गए हैं और जिंदगी हमारी कल्पना से कहीं ज्यादा खूबसूरत लग रही है। मेरे करण अर्जुन आ गए।'

# पिता की पुण्यतिथि पर भावुक हुए संजय, साझा कीं पुरानी तस्वीरें





मुंबई। अभिनेता संजय दत्त अपने जीवन के उतार-चढ़ाव के बाद अपने परिवार के बेहद करीब रहे हैं। हाल ही में अपने दिवंगत पिता और दिग्गज अभिनेता सुनील दत्त की 21वीं पुण्यतिथि पर संजय ने उनसे जुड़ी यादें ताजा कीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने परिवार की कुछ पुरानी तस्वीरें साझा करते हुए पिता को याद किया। संजय दत्त अपने पिता के काफी करीब रहे हैं। एक्टर के हर बुरे वक्त में सुनील दत्त उनके साथ मजबूती से खड़े रहे थे। पिता की पुण्यतिथि के मौके पर संजय ने कुछ पुरानी पारिवारिक तस्वीरें साझा कीं। इसमें से एक में जहां वो बचपन में अपने पिता की गोद में बैठे नजर आए। वहीं, एक अन्य तस्वीर में वो बहनों प्रिया-नम्रता दत्त और पिता के साथ खड़े हैं। ये ब्लैक एंड वाइट फोटोज संजय के जवानी के दिनों की याद दिलाती हैं। संजय दत्त ने इन तस्वीरों के साथ एक भावुक कैप्शन लिखा। एक्टर ने लिखा, 'पापा, मैं आपको हमेशा याद करता रहूंगा और आपसे बहुत प्यार करता हूं। आप मेरे जीवन में हमेशा से एक मजबूत स्तंभ रहे हैं। आपके जैसा पिता पाकर मैं खुद को खुशनसीब महसूस करता हूं।' बता दें, अभिनेता सुनील दत्त का निधन 25 मई 2005 में 75 वर्ष की उम्र में हुआ था। उन्हें नींद में ही दिल का दौरा पड़ा था। उनकी पत्नी यानी संजय की मां नरगिस कई साल पहले ही दुनिया को अलविदा कह चुकी थीं। सुनील दत्त का हिंदी सिनेमा में एक अलग मुकाम रहा है। उन्होंने बॉलीवुड को 'एक ही रास्ता' और 'मदर इंडिया' जैसी सफल फिल्में दी हैं। इसके अलावा 'सुजाता', 'गुमराह', 'हमराज', 'पड़ोसन' और 'हीरा' जैसी फिल्मों में उनकी एक्टिंग के लिए आज भी दर्शक उन्हें याद करते हैं। एक सफल करियर के बाद सुनील आखिरी बार बेटे संजय दत्त के साथ ही पर्दे पर दिखाई दिए थे। उन्होंने 2003 में रिलीज हुई संजय दत्त की फिल्म 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' में उनके पिता का किरदार निभाया था।

# कांतारा विवाद के बाद रणवीर ने किए चामुंडेश्वरी देवी मंदिर के दर्शन



**मुंबई।** धुरंधर स्टार रणवीर सिंह मंगलवार को मैसूर के चामुंडेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे। उन्होंने यह कदम धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप लगने के बाद उठाया है। रणवीर सिंह ने यह कदम कांतारा फिल्म में दैव की विवादास्पद मिमिक्री के संबंध में कर्नाटक हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए उठाया। रणवीर सिंह ने मंदिर का दौरा 'कांतारा' मिमिक्री मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट के एक निर्देश के बाद किया है। अप्रैल में रणवीर सिंह ने इस मामले में अदालत में एक हलफनामा जमा किया था और बिना शर्त माफी मांगी थी। इसके बाद अदालत ने उन्हें चार हफ्तों के भीतर चामुंडेश्वरी मंदिर में पूजा करने का आदेश दिया। रणवीर सिंह ने अदालत के आदेश का पालन किया और देवी चामुंडेश्वरी की पूजा की। उनके इस दौरे को काफी हद तक गुप्त रखा गया था। एक्टर को मंगलवार सुबह मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। उन्होंने मंदिर के गर्भगृह तक पहुंचने तक मास्क पहना हुआ था। बाद में, वे पूजा करने के लिए गर्भगृह में प्रवेश कर गए। यह मामला 30 नवंबर, 2025 को गोवा में आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया की एक घटना से जुड़ा है। इस समारोह के दौरान, रणवीर सिंह ने 'कांतारा' के उस 'दैव' दृश्य की नकल की थी, जिसमें फिल्म के निर्देशक और अभिनेता ऋषभ शेट्टी नजर आए थे। रणवीर सिंह का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद कन्नड़ भाषी समुदाय के एक वर्ग की ओर से उन्हें कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा। बाद में, रणवीर सिंह ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इस आलोचना का जवाब दिया और अपनी इस हरकत के लिए माफी मांगी। उन्होंने लिखा, 'मेरा मकसद फिल्म में ऋषभ के अभिनय को उजागर करना था।

## 95 साल पहले ऐसे हुई पहले गाने की शूटिंग

# ट्रेन के रुकने का इंतजार, रात को शूटिंग, पेड़ों के पीछे दिया संगीत

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में जितना प्यार फिल्मों को मिला है, उतना ही प्यार उन फिल्मों के संगीत से भी किया गया है। अब तो मानो हर फिल्म की रूह उसके संगीत को ही माना जाता है। फिल्मों में अगर संगीत ना हो तो मानो वह फिल्में अधूरी सी लगती हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारतीय सिनेमा का पहला गाना कौन सा था? इस गाने की कहानी क्या थी?*



### कैमरे के सामने गाया था लाइव गाना

कुछ आर्काइव रिपोर्ट्स के मुताबिक, उस दौर में बड़े वाद्य यंत्र या फिर कोई खास उपकरण नहीं होते थे। ऐसे में डब्ल्यू. एम. खान ने कैमरे के सामने इस गाने को लाइव गाया था और उनके साथ बजने वाले वाद्य यंत्रों को भी उसी वक्त लाइव बजाया गया था। गाने की रिकॉर्डिंग के दौरान हारमोनियम और एक तबला बजाया गया था। कहा जाता है कि, संगीतकार फिरोजशाह मिस्त्री हारमोनियम और तबला लेकर कैमरे के पीछे, स्टूडियो के एक कोने में छिपकर बैठ गए थे, ताकि वह फ्रेम में न आएं, और उनकी आवाज सीधे माइक्रोफोन में रिकॉर्ड हो सके।

### साल 1931 में आया था पहला गाना

अक्सर लोगों के मन में सवाल आता है कि जिन गानों पर असल में हम झूमते हैं और डांस करते हैं आखिर उन्हीं गानों की सिनेमा में कहानी क्या है? फिल्मों का पहला गाना क्या था, तो इसका जवाब है कि सिनेमा का पहला गाना साल 1931 में आया था। जी हां, भारतीय सिनेमा का पहला गाना है, 'दे दे खुदा के नाम पर प्यारे, ताकत हो गर देने की...'। यह गाना साल 1931 में रिलीज हुई भारत की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' का है। इसी गाने को सिनेमा का पहला गाना कहा जाता है।

### सिंगर नहीं, एक्टर ने गाया था गाना

इस गाने को किसी पेशेवर सिंगर ने अपनी आवाज नहीं दी थी। उस दौर में 'प्लेबैक सिंगिंग' की तकनीक तब उतनी प्रचलित नहीं थी। इस गाने को फिल्म आलम आरा के ही एक अभिनेता डब्ल्यू. एम. खान (वजीर मोहम्मद खान ने गाया था। फिल्म में उन्होंने एक फकीर का किरदार निभाया था और यह गाना उसी फकीर पर फिल्माया गया था, जिसमें उन्होंने ही इसे आवाज दी और उन्होंने ही इस पर एक्ट भी किया था।

### कोई रिकॉर्ड अब नहीं बचा

इन बीते वर्षों में भारत की पहली बोलती फिल्म का कोई रिकॉर्ड अब नहीं बचा है। आलम आरा फिल्म के प्रिंट्स और इसके गानों के ओरिजिनल साउंड ट्रैक अब खो चुके हैं। महज कुछ ही तस्वीरें और रिकॉर्ड्स बाकी हैं, जिन्हें संजोकर रखा गया है।

### ज्योति स्टूडियो में की गई थी शूटिंग

जब ये गाना रिकॉर्ड हुआ तो उस दौरान काफी कुछ नया हुआ था। दरअसल 'आलम आरा' फिल्म और इसके गानों की शूटिंग मुंबई के 'ज्योति स्टूडियो' में की गई थी। परेशानी की बात तो यह थी कि ये स्टूडियो रेलवे ट्रैक के पास ही मौजूद था, ऐसे में दिनभर यहां पर ट्रेनों की आवाजाही रहती थी। जब गाने की शूटिंग होती थी तो उस वक्त ट्रेनों का शोर नहीं होता था। उस दौर में सिंगल साउंड सिस्टम से ही रिकॉर्डिंग की जाती थी। ऐसे में हल्का सा भी शोर इसके लिए परेशानी बन जाता, तो जब ट्रेनें रुक जाती थीं तभी गाने की रिकॉर्डिंग की जाती थी। इसलिए गाने और फिल्म की शूटिंग रात के 1 बजे से सुबह 4 बजे के बीच की जाती थी।

## 31 मई की डेडलाइन से पांच दिन पहले पूरा हुआ अभियान

# जनगणना में फतेहाबाद बना नंबर-1 तय समय से पहले 100% गणना पूरी

**डीसी डॉ. विवेक भारती के नेतृत्व में मिली बड़ी सफलता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जनगणना के तहत चल रहे घर-घर गणना अभियान में फतेहाबाद जिला ने पूरे हरियाणा में अपनी अलग पहचान बनाई है। जिला प्रशासन ने निर्धारित समय सीमा 31 मई से पांच दिन पहले ही शत-प्रतिशत गणना कार्य पूरा कर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि ने न केवल जिला की प्रशासनिक कार्यक्षमता को प्रमाणित किया है, बल्कि यह भी दर्शाया है कि योजनाबद्ध रणनीति, कर्मचारियों की मेहनत और जनता के सहयोग से किसी भी बड़े लक्ष्य को समय से पहले प्राप्त किया जा सकता है। डीसी डॉ. विवेक भारती के निर्देशन में एक मई से जिलाभर में घर-घर गणना अभियान शुरू किया गया था। अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए पूरे जिला को आठ जोन में विभाजित किया गया। प्रत्येक जोन में चार्ज अधिकारियों की नियुक्ति की गई, जिनके अधीन सुपरवाइजर और प्रगणकों की टीमें लगातार फील्ड में सक्रिय रहीं। प्रशासन द्वारा प्रतिदिन कार्य की समीक्षा की गई तथा प्रगति पर लगातार नजर रखी गई। अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्व निभाए, जिसके चलते यह कार्य तय समय से पहले ही पूरा हो गया।



फतेहाबाद। जनगणना के तहत चल रहे घर-घर गणना का कार्य करते ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी।

### डीसी ने की कर्मचारियों और नागरिकों की सराहना

डीसी डॉ. विवेक भारती ने इस उपलब्धि पर सभी चार्ज अधिकारियों, सुपरवाइजर, प्रगणकों तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की योजनाओं और विकास की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। उन्होंने कहा कि जिला के नागरिकों ने जिस जिम्मेदारी और सहयोग की भावना के साथ इस अभियान में भागीदारी निभाई, उसी का परिणाम है कि फतेहाबाद ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। डीसी ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे जिला के लिए गर्व का विषय है और भविष्य में भी प्रशासन इसी समर्पण, पारदर्शिता और जनसहयोग के साथ विकास एवं जनहित के कार्यों को गति देता रहेगा।

### 1790 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक में हुआ सर्वे

घर-घर गणना अभियान के तहत जिला में कुल 3 लाख 44 हजार 506 घरों की गणना की गई। इसके लिए 1790 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक बनाए गए थे तथा प्रत्येक ब्लॉक पर एक प्रगणक नियुक्त किया गया था। सबसे अधिक 736 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक फतेहाबाद तहसील चार्ज ऑफिसर के अंतर्गत बनाए गए। इसके अलावा टोहाना तहसील में 347, तहसील रतिया में 238, एमसी फतेहाबाद में 162, एमसी टोहाना में 130, एमसी रतिया में 88, एमसी भूना में 59 तथा एमसी जाखल में 30 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक गठित किए गए।

### फतेहाबाद तहसील में सबसे अधिक घरों की गणना

घर-घर गणना के दौरान तहसील फतेहाबाद में सर्वाधिक 1 लाख 31 हजार 850 घरों की गणना की गई। वहीं तहसील टोहाना में 68 हजार 215, तहसील रतिया में 50 हजार 589, एमसी फतेहाबाद में 35 हजार 355, एमसी टोहाना में 26 हजार 713, एमसी रतिया में 16 हजार 107, एमसी भूना में 10 हजार 360 तथा एमसी जाखल में 5 हजार 317 घरों की गणना पूरी की गई। अभियान के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी इलाकों तक टीमों ने लगातार घर-घर जाकर जानकारी जुटाई। लोगों ने भी प्रशासन का पूरा सहयोग किया, जिससे गणना कार्य बिना किसी बाधा के तेजी से आगे बढ़ता रहा।

## ग्रामीण सफाई कर्मियों की हड़ताल 31 मई तक बढ़ी, बीडीपीओ कार्यालय पर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की राज्यव्यापी हड़ताल मंगलवार को 12वें दिन में प्रवेश कर गई है। भयंकर गर्मी के बावजूद कर्मचारी बीडीपीओ कार्यालय में डेरा जमाए बैठे हैं। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के नेता पवन कुमार, जगदीश, हरपाल सिंह, बलबीर सिंह और बेगराज ने बताया कि यूनियन ने अपनी हड़ताल को अब 31 मई तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही मांगों का समाधान न होने के रोष स्वरूप 30 मई को कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के आवास पर राज्य स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा। धरने को संबोधित करते हुए यूनियन नेताओं ने भाजपा सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया और कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में की गई घोषणाओं को आज तक धरातल पर लागू नहीं किया गया है। 19 साल से कच्चे कर्मचारी के रूप में काम कर रहे इन कर्मियों को न तो सेवानिवृत्ति पर कोई आर्थिक लाभ मिलता है और न ही ड्यूटी के दौरान मौत होने पर परिवार को मुआवजा या नौकरी दी जाती है। कर्मचारियों की मुख्य मांग है कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेशानुसार एक विशेष पॉलिसी बनाकर सभी ग्रामीण सफाई कर्मियों को पक्का किया जाए।



फतेहाबाद। बीडीपीओ कार्यालय पर धरना देते ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

### हेरोइन सहित पकड़े गए दो नशा तस्कर

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दो अलग-अलग स्थानों पर नाकाबंदी कर दो युवकों को कुल 14.20 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पहले मामले में गुरुनानकपुरा चौकी फतेहाबाद की पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सिरसा-हिसार एनएच-09 बाईपास रतिया रोड पुल के नीचे नाकाबंदी की थी। इस दौरान संदिग्ध स्थिति में भाग रहे एक युवक को काबू किया गया।

## न्यूज डायरी

### पक्षियों के लिए लगाए पानी के सकोरे

**फतेहाबाद।** सामाजिक संस्थान पूर्ण सोसायटी द्वारा भीषण गर्मी में पक्षियों के पानी पीने एवं उन्हें आश्रय देने के के लिए अभियान चलाया गया। सोसायटी के प्रधान सन्नी बंसल के नेतृत्व व जीव संरक्षण अभियान के संयोजक विकास नायक की देख रेख में शहर के विभिन्न पार्कों, अनाजमंडी, शिवालय मार्केट में बड़ी संख्या में पानी के सकोरे लगाए गए। इसके अलावा पेड़ों पर पक्षियों के लिए घरौंदे भी स्थापित किए गए, ताकि यहां पक्षी आश्रय प्राप्त कर गर्मी में अपनी जान बचा सकें। इस अभियान की शुरुआत लाल बत्ती चौक पर स्थित अम्बेडकर पार्क से की गई। यहां यातायात पुलिस अधिकारियों ने सोसायटी के काम को सराहते हुए अपना योगदान दिया और अपने हाथों से कई सकोरे लगाए। यह अभियान सुबह सवेरे ही शुरू कर दिया गया और घंटों तक प्रयास करते हुए करीब 50 सकोरे अलग अलग स्थानों पर लगाए तथा स्थानीय नागरिकों से अपील भी कि इन सकोरों में पानी डालते रहें।

### बच्चों ने सीखी देशभर की भाषाओं में अभिवादन शैली

**भूना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धौलू में मंगलवार को बच्चों को भारत की भाषाई विविधता से जोडने के उद्देश्य से भारतीय क्षेत्रीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन गांव की सरपंच कविता देवी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बच्चों को मातृभाषा और विभिन्न भारतीय भाषाओं से जोडक़र उनकी रचनात्मकता व बौद्धिक क्षमता का विकास करना है। विद्यालय में शिविर की नोडल अधिकारी मुकेश कुमारी ने बताया कि आज की पीढ़ी हिंदी और अंग्रेजी के प्रभाव में अपनी क्षेत्रीय भाषाओं से दूर होती जा रही है। ऐसे में यह शिविर बच्चों में अपनी भाषा के प्रति गर्व और अन्य भाषाओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करेगा। शिविर में बच्चों को हिंदी, तमिल, बंगाली, पंजाबी, मराठी, गुजराती और मलयालम सहित कई भारतीय भाषाओं के अभिवादन, सामान्य संवाद, लोकगीत, संस्कृति और परंपराओं से परिचित कराया जाएगा।

### पुलिस कर्मियों को तनावमुक्त जीवन का दिया संदेश

**फतेहाबाद।** पुलिस लाइन फतेहाबाद में पतंजलि योग समिति के सहयोग से एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखते हुए उन्हें तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। योग शिविर के दौरान पतंजलि योग समिति के योगाचार्य सुरेंद्र कुमार एवं योगाचार्य बजरंग लाल ने पुलिस कर्मियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का गहन अभ्यास करवाया। सत्र की शुरुआत सूक्ष्म व्यायाम से की गई, जिसके पश्चात अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भस्त्रिका जैसे प्राणायाम तथा ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन सहित कई महत्वपूर्ण आसनों का अभ्यास कराया गया। योगाचार्यों ने विस्तार से बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, मानसिक तनाव कम होता है तथा कार्यक्षमता में सकारात्मक वृद्धि होती है। योगाचार्य सुरेंद्र कुमार ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवनशैली है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन बनाए रखती है।

### सुरभि ने जीता शतरंज प्रतियोगिता का खिताब

**ओढां।** गांव नुहियांवाली की बेटी सुरभि देमिवाल ने दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब व टाइटल अपने नाम किया। सुरभि के पिता सुरजभान देमीवाल ने बताया कि उनकी बेटी जो कि मिरांडा हाऊस दिल्ली विश्वविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष में अध्यनरत है, ने दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में मिरांडा हाऊस टीम की कप्तानी करते हुए खेलो दिल्ली विश्वविद्यालय का खिताब व टाईटल अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की दस टीमों ने हिस्सा लिया। इससे पहले भी सुरभि ने राज्य व राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर चूकी है। इसी कड़ी में अखिल भारतीय अतंर विश्वविद्यालय व इंटर जोनल मेरठ उत्तरप्रदेश प्रतियोगिताओं में भी मिरांडा हाऊस टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय को शतरंज खेल में शानदार उपलब्धि हासिल करने पर सुरभि को नकद राशि से सम्मानित किया गया।

### नाबालिग को फुसलाकर ले जाने पर आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** एक नाबालिग लडक़ी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना भूना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव डूल्ट निवासी रमेश कुमार उर्फ आदित्य के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के चंगुल से नाबालिग लडक़ी को भी सकुशल बरामद कर लिया है। थाना भूना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि पीड़ित नाबालिग लडक़ी की मां ने पुलिस को इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, एक मई को गांव डूल्ट निवासी आदित्य ने उसकी 17 वर्षीय बेटी को फोन कर गांव डूल्ट बुलाया था। जिसके बाद उसकी बेटी स्कूटी लेकर गांव डूल्ट चली गई, जहां आरोपी उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ कहीं ले गया। परिजनों ने अपने स्तर पर लडक़ी की काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग पाया। शिकायत मिलने के बाद थाना भूना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

## नशे के खिलाफ मुहिम में मेडिकल स्टोर संचालक करें सहयोग: डीएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

डीएसपी सुखबीर सिंह ने कहा कि पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में मेडिकल एसोसिएशन तथा मेडिकल स्टोर संचालकों की अहम भूमिका है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी मेडिकल स्टोर पर बिना डॉक्टर की अधिकृत पर्ची के दवाइयां न बेची जाएं तथा किसी भी प्रकार की नशीली एवं प्रतिबंधित दवाई बेचने से पूरी तरह परहेज किया जाए। डीएसपी सुखबीर सिंह मंगलवार को पुलिस लाइन में मेडिकल एसोसिएशन तथा मेडिकल स्टोर संचालकों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। डीएसपी ने कहा कि यदि किसी मेडिकल स्टोर पर अनियमितताएं पाई जाती हैं या नशे के कारोबार में संलिप्त पाया जाता है तो संबंधित संचालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही स्थानीय प्रशासन के सहयोग से ऐसे मेडिकल स्टोर का पंजीकरण भी रद्द करवाया जाएगा। डीएसपी ने मेडिकल स्टोर संचालकों को अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सकेगी। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे अपने गांव और आसपास के मेडिकल स्टोरों पर नजर रखें तथा यदि कहीं नशीली दवाईयां बेचे जाने की सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके।



सिरसा। मेडिकल स्टोर संचालकों की बैठक लेते डीएसपी।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में तीन काबू

**फतेहाबाद।** मोटरसाइकिल चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए टोहाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान नरवाना के गांव नारनगढ़ निवासी निर्मल सिंह तथा जिला जींद के गांव कलवान निवासी अजय और विक्रम उर्फ विक्की के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से अदालत के आदेशानुसार उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पीड़ित मनोहरलाल निवासी नया बाजार, टोहाना ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, वह 24 अप्रैल की सुबह अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर हिसार रोड स्थित टाउन पार्क में सैर करने गया था।



### नायब तहसीलदार के तबादले की मांग पर अड़े किसान, 14वें दिन भी धरना जारी

**रतिया।** रतिया तहसील कार्यालय परिसर में भारतीय किसान यूनियन (खेती बचाओ) का धरना मंगलवार को 14वें दिन भी जारी रहा। किसान पिछले कई दिनों से नायब तहसीलदार विचित्र नंद की कार्यप्रणाली के विरोध और उनके तबादले की मांग को लेकर अड़े हुए हैं। किसानों ने प्रशासन पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए कड़ी चेतावनी दी है कि यदि मंगलवार दोपहर तक अधिकारी का तबादला नहीं किया गया, तो वे एक बड़ा और कड़ा फैसला लेने पर मजबूर होंगे। इसके तहत रोड जाम किया जा सकता है, ट्रैक्टर मार्च निकाला जा सकता है या फिर धरने को डीसी कार्यालय के बाहर शिफ्ट किया जा सकता है। धरने की अध्यक्षता कर रहे यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजविंदर चहल और प्रदेश प्रवक्ता राम जाट ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसान नेताओं ने कहा कि पिछले 13 दिनों से किसान शांतिपूर्वक धरने पर बैठे हैं, लेकिन प्रशासन कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है और भ्रष्टाचार को संरक्षण दे रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों के साथ कथित दुव्र्यवहार और भ्रष्टाचार के मामलों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### एमपी सोत्र में उप स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**रतिया।** एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने मंगलवार को गांव एमपी सोत्र में उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, साफ-सफाई व्यवस्था तथा स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया और रजिस्टरों की भी जांच की। उन्होंने टीकाकरण रिकॉर्ड, दवाई वितरण रजिस्टर तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों के रिकॉर्ड को नियमित रूप से अपडेट रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी रिकॉर्ड सही एवं व्यवस्थित तरीके से संधारित किए जाएं ताकि जरूरत पडऩे पर जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने केंद्र में आने वाले मरीजों के साथ बेहतर व्यवहार बनाए रखने और स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए।

## दिल से भक्ति करने वाले के वश में हो जाते हैं भगवान : सुकीर्ति भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जो भगवान के समर्पित होकर निष्काम भाव से भक्ति करता है, भगवान उसके वश में हो जाते हैं और भगवान उसके कार्य पूर्ण करने के लिए दौड़े चले आते हैं। यह बात लुधियाना की सुकीर्ति भारती जी महाराज ने कही। वो मोहल्ला रामनिवास स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में आयोजित वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित सत्संग में उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रवचन कर रही थी। सत्संग समारोह में मंच संचालन राजकुमार मदान ने किया। इस अवसर पर राकेश नागपाल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे जबकि सत्यप्रकाश गुप्ता, भीमसैन असीजा, ललित गुप्ता, औमप्रकाश सरदाना, साहिल चौधरी, पार्षद किरण नारंग और सविता सरदाना बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे।

इस दौरान सुकीर्ति महाराज ने कबीर जी के जीवन के एक वृतांत का वर्णन करते हुए कहा कि एक दिन कबीर जी की पत्नी ने उनसे कहा कि अब तो घर में खाने के लिए कुछ नहीं है, हम तो भूखे रह लेंगे लेकिन बच्चों की भूख देखी नहीं जाती। कबीर घर से तो निकल गए लेकिन उन्हें पता था कि उनके पास कुछ है तो नहीं जिससे वो राशन घर लेकर जाएं। वो गंगा किनारे बैठकर सीताराम सीताराम जपने लगे और शाम हो गई।



फतेहाबाद। सनातन धर्म मंदिर में आयोजित सत्संग समारोह में प्रवचन करते हुए।

### गंगा दशहरा पर रामदेवरा पहुंचे श्रद्धालु

**फतेहाबाद।** गंगा दशहरा दशमी के पावन पर्व पर शक्ति नगर स्थित प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर शीश नवाया। मंदिर संचालन समिति के प्रधान रमेश जोइया व अन्य सदस्यों ने बाबा रामदेव महाराज को फूलों की माला अर्पित कर क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। इस विशेष अवसर पर मुख्य पुजारी द्वारा बाबा की पावन व सांची ज्योत प्रज्वलित करते ही पूरा परिसर बाबा रामदेव महाराज के जयकारों से गूंज उठा। भव्य आरती के बाद बाबा के दरबार में पारंपरिक चूरमा, मीठे चावल, खीर मिश्री-मेवा और विभिन्न मिष्ठानों का महाभोग लगाया गया, जिसके बाद मंदिर में मौजूद सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

## पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को हरियाणा रत्न देने की मांग

■ खट्टर ने बदली हरियाणा की राजनीति की दिशा : शीशपाल कंबोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रानियां

भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं हल्का प्रतिनिधि शीशपाल कंबोज ने केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को हरियाणा रत्न सम्मान दिए जाने की जोरदार मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल खट्टर ने अपने ईमानदार नेतृत्व, पारदर्शी प्रशासन और जनहितकारी नीतियों से हरियाणा की राजनीति को नई दिशा देने का ऐतिहासिक कार्य किया है। मंगलवार को किसान विश्राम गृह में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए शीशपाल कंबोज ने कहा कि राजनीति में पद प्राप्त करना आसान हो सकता है, लेकिन जनता के दिलों में विश्वास कायम करना बेहद कठिन होता है। मनोहर लाल खट्टर ने अपने कार्यों और साफ-सुथरी छवि से यह विश्वास अर्जित किया। उन्होंने कहा कि खट्टर ने यह साबित किया कि राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा, सुशासन और व्यवस्था परिवर्तन का सशक्त मंच भी हो सकती है।




सिरसा। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते भाजपा नेता शीशपाल कंबोज।

### शैक्षणिक, शोध एवं वैश्विक सहयोग को मिलेगा नया आयाम

## सीडीएलयू का नामदी आज़िक्व विवि के साथ एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए नाइजीरिया के प्रतिष्ठित नामदी आजक्वि विश्वविद्यालय, अवका, अनाम्ब्रा स्टेट के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। यह एमओयू दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शिक्षा, अनुसंधान, छात्र एवं शिक्षक आदान-प्रदान तथा अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है। एमओयू पर चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. विजय कुमार तथा नामदी आजक्वि विश्वविद्यालय की ओर से वहां के कुलपति प्रो. उगोचुक्वु बॉंड स्टेनली अन्येहिए ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता आगामी पांच वर्षों तक प्रभावी रहेगा तथा आपसी सहमति से इसका विस्तार भी किया जा सकेगा। सीडीएलयू के कुलगुरु प्रो. विजय कुमार ने कहा कि यह समझौता सीडीएलयू के अंतरराष्ट्रीयकरण के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि आज के वैश्विक शैक्षणिक परिवेश में ज्ञान और शोध की कोई सीमाएं नहीं हैं। विश्वविद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों और शोधार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की शैक्षणिक एवं शोध सुविधाओं से जोड़ना है।



सिरसा। नामदी आज़िक्व विश्वविद्यालय के साथ एमओयू साइन करते हुए।

### उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता

नामदी आजिक्वे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उगोचुक्वु बॉन्ड स्टेनली अन्येहिए ने कहा कि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के साथ यह समझौता दोनों संस्थानों के लिए ज्ञान, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में एक नई शुरुआत है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग समय की आवश्यकता है, क्योंकि इससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को वैश्विक स्तर पर सीखने, शोध करने तथा नए दृष्टिकोण विकसित करने के अवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि भारत और नाइजीरिया दोनों देशों की समृद्ध शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक विरासत है तथा यह साझेदारी दोनों संस्थानों के बीच अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## कताखेड़ी क्रिकेट टूर्नामेंट, 60 टीमों के बीच मुकाबला, हड़ौली बनी विजेता

# खेलों से जुड़कर युवा समाज को बना सकते हैं नशामुक्त : भवानी सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

युवाओं को नशे की गर्त से बाहर निकालने और उन्हें खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गांव काताखेड़ी में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस खेल महाकुंभ में मुख्य अतिथि के तौर पर जिलेभर में नशे के खिलाफ अलख जगा रही सामाजिक संस्था 'महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट' एवं 'नशामुक्ति सेना' के संस्थापक भवानी सिंह ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामीणों और खेल प्रेमियों ने मुख्य अतिथि का जोरदार स्वागत किया। इस टूर्नामेंट में क्षेत्र के विभिन्न 60 गांवों की टीमों ने हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का सबसे रोमांचक मोड़ इसका फाइनल मुकाबला रहा, जो गांव हड़ौली और बिठमड़ा की टीमों के बीच खेला गया। मैच की शुरुआत से पहले मुख्य अतिथि भवानी सिंह ने मैदान पर जाकर सभी खिलाड़ियों से परिचय किया, उनका हौंसला बढ़ाया और टॉस करवाकर फाइनल मैच का विधिवत शुभारंभ किया। कड़े और सांस रोक देने वाले इस मुकाबले में हड़ौली की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की और चमचमाती ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, जबकि बिठमड़ा की टीम दूसरे स्थान पर रही। खिलाड़ियों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए नशामुक्ति सेना के संस्थापक भवानी सिंह ने युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति सचेत करते हुए कहा कि आज हमारे प्रदेश और जिले के युवाओं को भटकाने के लिए नशे का जाल बिछाया जा रहा है। युवा हमारे देश का भविष्य हैं, और अगर भविष्य को सुरक्षित रखना है, तो हमें नशे की इस कड़वी सच्चाई को उखाड़ फेंकना होगा। खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि यह हमारे भीतर अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ रहने की ललक पैदा करते हैं।


फतेहाबाद। गांव काताखेड़ी में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते भवानी सिंह।


सिरसा। ओपन स्केटिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता शाश्वत।

### हरियाणा स्टेट कराटे चैंपियनशिप में रतिया के खिलाड़ियों ने जीते 5 स्वर्ण

रतिया। बहादुरगढ़ में आयोजित हरियाणा स्टेट कराटे चैंपियनशिप में कराटे प्लैनेट रतिया के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण और 3 रजत पदक अपने नाम किए हैं। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हरियाणा के विभिन्न जिलों से करीब 800 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इंडिया ओपन में 17 पदक जीतने के बाद अब राज्य स्तर पर भी रतिया के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर क्षेत्र का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। विशेष बात यह रही कि स्वर्ण पदक जीतने वाले पांचों खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप के लिए हुआ है। कोच सिहान सरजीत सिंह के मार्गदर्शन में बेहतरीन खेल दिखाने वाले स्वर्ण पदक विजेताओं में 40 किलो भार वर्ग के 10 वर्ष आयु वर्ग में अवनीत सामा, 13 वर्ष आयु वर्ग में ऋषभ, 12 वर्ष आयु वर्ग में में सुखचैन सिंह, 20 किलो भार वर्ग के 8 वर्ष आयु वर्ग में इनायत कौर चहल तथा जूनियर वर्ग में प्रिंस शामिल हैं। इसके साथ ही रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में कैडेट वर्ग में रमनीत कौर, 9 वर्ष आयु वर्ग में विहान तनेजा तथा 13 वर्ष आयु वर्ग में हिमांशु ने सफलता हासिल की। खिलाड़ियों की इस बड़ी उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कोच सरजीत सिंह ने कहा कि बच्चों की कड़ी मेहनत, कड़े अनुशासन और लगातार किए गए अभ्यास का ही परिणाम है।

### ओपन स्केटिंग चैंपियनशिप में शाश्वत ने जीता कांस्य पदक

सिरसा। शिमला के ऑकलैंड हाउस में आयोजित 7वीं ऑल इंडिया ओपन स्केटिंग चैंपियनशिप 2026 में सिरसा के खिलाड़ी शाश्वत अरोड़ा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल के छात्र शाश्वत अरोड़ा ने प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद शाश्वत ने बेहतरीन स्केटिंग करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। खेल के साथ-साथ शाश्वत अरोड़ा एक प्रतिभाशाली भजन गायक भी हैं। उनका एक यूट्यूब चैनल शाश्वत डिवाइन वाइब्स है, जहां वे समय-समय पर सुंदर धार्मिक भजनों की प्रस्तुति देते रहते हैं। उनके भजनों को श्रोताओं द्वारा काफी सराहा जाता है। उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, कोच एवं परिजनों में खुशी का माहौल है। शिक्षकों ने शाश्वत को उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एसआईआर :7 लाख 11 हजार 476 वोटर्स का होगा सत्यापन


फतेहाबाद। एसआईआर को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते डीसी डा. विवेक भारती। *फोटो : हरिभूमि*

- बीएलओ के साथ बीएलए को भी दिया जाएगा प्रशिक्षण, मतदाता सूची शुद्धिकरण में मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डा. विवेक भारती ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आह्वान किया है कि वे प्रत्येक बूथ पर बूथ लेवल एजेंट यानि बीएलए की नियुक्ति सुनिश्चित करें, ताकि विशेष एसआईआर के कार्य में पारदर्शिता और तेजी लाई जा सके। मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी बेहद आवश्यक है। डीसी मंगलवार को अपने कार्यालय में एसआईआर-2026 को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पुनरीक्षण अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले की टोहाना, फतेहाबाद और रतिया विधानसभा क्षेत्रों में कुल 708 मतदान केंद्र स्थापित हैं। इन तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 7 लाख 11 हजार 476 मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार सभी प्रक्रियाएं तय समय सीमा के भीतर पूरी की जाएंगी। डीसी ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

**एसआईआर प्रक्रिया**

डीसी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से अपील की कि वे प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए बीएलए-1 तथा प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए बीएलए-2 की नियुक्ति शीघ्र सुनिश्चित करें, ताकि पुनरीक्षण प्रक्रिया अधिक प्रभावी और पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके। उन्होंने बताया कि एसआईआर-2026 की क्वालिफाइंग तिथि 1 जुलाई, 2026 निर्धारित की गई है। अभियान के तहत 5 जून से 14 जून तक बीएलओ का प्रशिक्षण एवं आवश्यक सामग्री वितरण किया जाएगा। इसके बाद 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं के गणना पत्रक वितरण और वापिस एकत्रित करने का कार्य करेंगे।

## खबर संक्षेप

### हजारों की सट्टाराशि सहित तीन आरोपी काबू

सिरसा। पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर सट्टा खाईवाली करने वाले तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 5900 रुपए की सट्टाराशि, पेन तथा नंबर लिखी हुई डायरियां बरामद की हैं। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली कि एक युवक सार्वजनिक स्थान पर नंबरों पर पैसे लगवाकर सट्टा खाईवाली कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी मंगत राम कुमार निवासी रानियां गेट, सिरसा को गिरफ्तार किया।

### सामर्थ्य अनुसार करें गोवंश के लिए सहयोगः मनीष

सिरसा। अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा द्वारा समाजसेवी कार्यों की कड़ी में मंगलवार को श्री पंचमुखी बालाजी गौधाम, श्री श्याम गौसेवा संघ, चौधरी देवीलाल गौशाला, श्री राधा कृष्ण गोशाला रामनगरिया और श्री नंदीशाला केलनिया में गौवंश को हरा चारा, सब्जियां खिलाकर सेवा करते हुए स्वामनी लगाई और आर्थिक सहायता भेंट की। जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता ने कहा कि गौसेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। उन्होंने कहा कि शास्त्रों के अनुसार गौमाता में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है।

### 70% से अधिक अंक वाले विद्यार्थी होंगे सम्मानित

सिरसा। श्री अग्रवाल सेवा सदन में आगामी 27 मई को एडमिशन व एजुकेशन मेला आयोजित किया जाएगा। योगेश कौशिक ने बताया कि इस मेले में 25 से अधिक प्रसिद्ध यूनिवर्सिटीज व कॉलेज भाग ले रहे हैं। जिन छात्रों ने 12वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन सभी छात्रों को एक पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। इस मेले में युनिवर्सिटी व कॉलेज के 50 से ज्यादा काउंसलर सभी छात्र-छात्राओं की निःशुल्क काउंसलिंग करेंगे।

### ट्रस्ट ने उठाया सफाई अभियान चलाने का बीड़ा

सिरसा। श्री अखंड ज्योति संकट मोचन हनुमान मंदिर, ओढ़ा में श्री सालासर भंडारा ट्रस्ट की बैठक हुई। बैठक में सालासर भंडारा ट्रस्ट व हनुमंत सेवा समिति के सदस्यों ने भाग लिया। उपप्रधान सहदेव गोदारा ने बताया कि इस बैठक में सर्वसम्मति से गांव में सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि हर महीने के पहले रविवार को गांव में स्थित एक स्थान की सफाई की जाएगी। इस अभियान के तहत धार्मिक संस्थाओं, स्कूलों, मंदिरों, रामबाग और गौशाला आदि की सफाई की।

### 376 ग्राम चूरापोस्त सहित आरोपी काबू


सिरसा। एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए गांव भड़ोल्यांवाली क्षेत्र से एक बुजुर्ग व्यक्ति को हजारों रुपए का 4 किलो 376 ग्राम चूरापोस्त सहित काबू किया है। प्रभारी ने बताया कि सेल की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव भड़ोल्यांवाली क्षेत्र मे मौजूद थी। इस दौरान सामने एक बुजुर्ग व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। उक्त व्यक्ति ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुडक़र खिसकने का प्रयास किया तो पुलिस ने शक के आधार बुजुर्ग व्यक्ति को काबू कर लिया।

## प्रशिक्षण शिविर में भाजपा कार्यकर्ताओं को राष्ट्र समक्ष चुनौतियों पर किया जागरूक

- दीनदयाल प्रशिक्षण अभियान के तहत लगाया दो दिवसीय शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-26 के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी जिला द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। जिलाध्यक्ष एडवोकेट यतींद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देशन व मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली के नेतृत्व में भाजपा का संगठन लगातार विस्तृत हो रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ जवाहर सैनी ने किया। प्रथम सत्र में जवाहर सैनी ने राष्ट्र के समक्ष चुनौतियां विषय पर विचार रखे। दूसरे सत्र में प्रदेश सचिव सुरेंद्र आर्य ने हमारी कार्य पद्धति विषय पर व्याख्यान दिया। तृतीय सत्र में प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने पार्टी का इतिहास और विकास विषय पर जानकारी दी। चौथे सत्र में धूमन किरमिच ने कार्य विस्तार पर प्रकाश डाला। पांचवें सत्र मेंमंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने प्रदेश सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं की जानकारी दी।


सिरसा। प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता।

### पुरानी रंजिश के चलते परिवार पर किया हमला

सिरसा। गांव मसीता में पुरानी रंजिश के चलते हुए झगड़े में एक ही परिवार के कई लोग घायल हो गए। जसकरण सिंह ने पुलिस को शिकायत में बताया कि बीते दिवस उनका भतीजा जश्नदीप सिंह गांव में दूध लेने गया था। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद बलजीत सिंह और लवप्रीत सिंह उर्फ लब्बु ने जश्नदीप सिंह के साथ मारपीट शुरू कर दी। बच्चों द्वारा सूचना मिलने पर जसकरण सिंह, उनके भतीजे अंग्रेज सिंह, पत्नी सुखदीप कौर और अमनदीप कौर मौके पर पहुंचे। आरोप है कि इस दौरान बलजीत सिंह ने ईंट से जसकरण सिंह की नाक पर वार किया, जबकि लवप्रीत उर्फ लब्बु ने हथौड़े से जश्नदीप सिंह की कमर पर हमला किया। शिकायत में यह भी आरोप है कि जगसीर सिंह उर्फ जग्गा, अमन कौर ने भी परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया।

## 1962 मोबाइल वेटरनरी सेवा बनी पशुपालकों के लिए राहत : डॉ. संदीप

- ग्रामीणों को नियमित टीकाकरण व संतुलित आहार पर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

वेटनरी चिकित्सक डॉ. संदीप ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को घर-द्वार पर पशु चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई 1962 मोबाइल वेटरनरी सेवा अब लोगों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। जिले में संचालित मोबाइल यूनिट्स गांव-गांव पहुंचकर पशुओं का उपचार, प्राथमिक जांच और आवश्यक परामर्श प्रदान कर रही हैं, जिससे पशुपालकों को काफी सुविधा मिल रही है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा गांव स्तर पर लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों के तहत पशुपालकों को संतुलित आहार, नियमित टीकाकरण, साफ-सफाई, रोग नियंत्रण एवं आधुनिक पशुपालन तकनीकों की जानकारी दी जाती है, ताकि वे पशुपालन से अधिक लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि इस सेवा के माध्यम से अब पशुपालकों को इलाज या आपात स्थिति में पशुओं को दूर अस्पताल ले जाने की परेशानी से राहत मिली है।



सिरसा। गांवों में मोबाइल वेटरनरी सेवा प्रदान करते हुए।


डिंग। राहगीरों को ठंडा पानी पिलाते लोग।

### नौतपा की गर्मी में खुहवाली के ग्रामीणों ने राहगीरों के लिए लगाई मीठे जल की छबील

डिंग। क्षेत्र के गांव खुहवाली ढाणी में नो तपा की भीषण गर्मी को देखते हुए ग्रामीणों द्वारा मुख्य सडक़ पर ठंडे व मीठे जल की छबील लगाई गई। छबील में दिनभर राहगीरों, वाहन चालकों और आसपास के लोगों को ठंडा व मीठा जल पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाई गई। ग्रामीणों ने बताया कि बढ़ती गर्मी में लोगों की सेवा करना पुण्य का कार्य है। इस दौरान सेवा कार्य में बलवीर सिंह, सुनील कुमार शाक्य, मनिंदर सिंह, दलजीत सिंह, संदीप, परमानंद, दिनेश, सुखमन सिंह, बलदेव सिंह और जगा सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने सहयोग किया। ग्रामीणों के इस प्रयास की राहगीरों ने सराहना की।

## शिक्षक गोपनीय रूप से समस्याओं को सुनकर छात्रों को देंगे परामर्शः प्राचार्य

- सीएमके कॉलेज में मेंटल हेल्थ सहायता केंद्र स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच विचार, मानसिक विकास, स्वास्थ्य, व्यक्तिगत सवांद, समस्या निवारण के लिए मेंटल हेल्थ सहायता केंद्र स्थापित किया गया, जिसे शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। प्राचार्या अंशु उप्पल ने बताया कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से महाविद्यालय परिसर में एक विशेष सहायता केंद्र स्थापित किया गया है, जहां विद्यार्थियों को परामर्श, मार्गदर्शन एवं सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। केंद्र में प्रशिक्षित विशेषज्ञों एवं शिक्षकों की सहायता से विद्यार्थियों की समस्याओं को गोपनीय रूप से सुना जाएगा तथा उन्हें उचित समाधान प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह केंद्र केवल मानसिक समस्याओं के समाधान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच एवं जीवन कौशल विकसित करने के लिए समय-समय पर कार्यशालाएं, प्रेरक व्याख्यान, संगीत थैरेपी, योगा एवं प्रेरक संदेश, जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वास्तव में वर्तमान में अवसाद ,चिंता, तनाव, जरा जरा सी बात पर क्रोध वैश्विक समस्या बनता जा रहा। इस वजह से वास्तविक जीवन, स्वास्थ्य, सयंम, संवाद पारिवारिक जीवन से समाज से दूर होते जा रहे हैं। इसी कारण मानसिक स्वास्थ्य पर दबाव पड़ता हैं। जिसके कारण बहुत सी समस्याओं का जन्म होता है। महाविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे समय की आवश्यकता बताया।

## महंगाई की मार से जनता त्रस्त सरकार हर मोर्चे पर विफलः सैलजा

- बिजली व पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं व महंगाई की दोहरी मार झेल रहा आमजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सासंद कुमारी सैलजा ने बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आज देश की आम जनता महंगाई, बेरोजगारी और मूलभूत सुविधाओं की कमी से बुरी तरह परेशान है। पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद्य पदार्थों तथा रोजमर्रा की जरूरतों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी ने आम आदमी का जीना मुश्किल कर दिया है।

कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्र सरकार की नाकामी के कारण देश की जनता न केवल लंबी लाइनों में खड़ी रहने को मजबूर है, बल्कि महंगाई की दोहरी मार भी झेल रही है। बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं देने में भी सरकार पूरी तरह विफल साबित हो रही है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में लोग परेशान हैं, लेकिन सरकार जनता की समस्याओं से आंखें मूंदे बैठी है। उन्होंने कहा कि सरकारी तेल कंपनियां भारी मुनाफा कमा रही हैं, जबकि आम जनता की जेब पर लगातार बोझ बढ़ाया जा रहा है। कांग्रेस हमेशा जनता की आवाज उठाती रही है और आगे भी महंगाई, बेरोजगारी तथा जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रहेगा।

### आधुनिक तकनीक से अपडेट रहें पुलिसकर्मीः डीएसपी

सिरसा। डीएसपी राज सिंह ने डिंग थाना प्रभारी एवं जांच अधिकारियों की बैठक लेकर पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जांच अधिकारी एवं पुलिस कर्मचारी ई-साक्ष्य ऐप, ई-चालान तथा ई-समनिंग जैसी आधुनिक तकनीकों से स्वयं को पूरी तरह से परिचित करें तथा थानों के सभी रजिस्टर व रिकॉर्ड को नियमित रूप से अपडेट रखें, ताकि कार्यों में पारदर्शिता और तेजी लाई जा सके। बैठक के दौरान डीएसपी राज सिंह ने कहा कि अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को और तेज किया जाए। उन्होंने पुलिस कर्मचारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न आपराधिक मामलों में गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ अदालत में मजबूत पैरवी सुनिश्चित करें, ताकि अपराधी किसी भी स्थिति में सजा से बच न पाएं। उन्होंने कहा कि संपत्ति विरुद्ध अपराधों पर विशेष ध्यान देते हुए अनसुलझे मामलों में महत्वपूर्ण सुराग जुटाकर शीघ्र निपटारा किया जाए तथा वांछित आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

### विश्व रिकॉर्डधारी संदीप आर्य का रानियां में भव्य स्वागत

## योग से ही बनेगा स्वस्थ, जागरूक और सशक्त भारतः योग गुरु

*आज पूरी दुनिया योग की शक्ति और उपयोगिता को कर रही स्वीकार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रानियां

हरियाणा के प्रसिद्ध योग प्रशिक्षक एवं विश्व रिकॉर्डधारी संदीप आर्य का मंगलवार को रानियां आगमन पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री बलवान जांगड़ा के प्रतिष्ठान पर आयोजित स्वागत समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग गुरु संदीप आर्य ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया योग की शक्ति और उपयोगिता को स्वीकार कर रही है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली का आधार है।


रानियां। विश्व रिकॉर्डधारी योग प्रशिक्षक संदीप आर्य सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं का प्रदर्शन करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

**युवा प्रतिदिन करें योग**

उन्होंने युवाओं से नशे और तनावपूर्ण जीवनशैली से दूर रहकर प्रतिदिन योग अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन से ही मजबूत समाज तथा सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। पत्रकार वार्ता के दौरान संदीप आर्य ने अपने विश्व रिकॉर्ड अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने लगातार 37 घंटे तक सूर्य नमस्कार कर विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया। इस उपलब्धि के चलते उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, लंदन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स तथा वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि भारतीय योग परंपरा और देश की सांस्कृतिक विरासत का सम्मान है। कार्यक्रम के दौरान संदीप आर्य ने उपस्थित लोगों को सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं का प्रदर्शन कर योग के लाभों की जानकारी भी दी। समारोह में लोगों ने फूलमालाओं एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में मार्केट कमेटी के चेयरमैन ललित मोहन पोपली, वाइस चेयरमैन स्वर्ण सिंह, पिंचू आदि मौजूद रहे।

### लिंगानुपात सुधार पर जागरूकता कार्यक्रम

सिरसा। जिला के गांव सुचान में मंगलवार को पीएनडीटी सैल सिरसा द्वारा लिंगानुपात में सुधार के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव के सरपंच, पंच, आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी वर्कर्स, मेडिकल संचालक व स्कूल स्टाफ सदस्य मौजूद थे। मीटिंग में सभी सदस्यों ने लिंगानुपात में सुधार के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि गिरता लिंगानुपात चिंता का विषय है। स्थिति को सुधारने के लिए हमें अभी से प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि हमें गांवों में लगातार जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को इसके प्रति जागरूक करना होगा। मौके पर सभी ने संकल्प लिया कि वे मिलकर लिंगानुपात की स्थिति को सुधारने का काम करेंगे।